DITTO WS

Reg. No. : ......................................

Name : ..........................................

**FY-415**

# FIRST YEAR HIGHER SECONDARY EXAMINATION, MARCH 2023

Part – III

**HINDI (Optional)**

Maximum : 80 Scores

Time : 2½ Hours

Cool-off time : 15 Minutes

***सामान्य निर्देश :***

- प्रश्न वाचन और चिंतन के लिए 15 मिनट का समय है ।
- उत्तर लिखने से पहले प्रश्नों को अच्छी तरह समझने की कोशिश करें ।
- स्कोर और समय पर ध्यान देकर उत्तर लिखें ।
- सूचना के अनुसार वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

**सूचना : कवितांश पढ़ें और 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें :**

यहाँ रोज़ कुछ बन रहा है

रोज़ कुछ घट रहा है

यहाँ स्मृति का भरोसा नहीं

एक ही दिन में पुरानी पड़ जाती है दुनिया

जैसे बसंत का गया पतझड़ को लौटा हूँ

जैसे बैशाख का गया भादों को लौटा हूँ



P.T.O.

DITTO WS

1. प्रस्तुत कवितांश के कवि कौन हैं ?

   (कीर्ति चौधरी, सुमित्रानंदन पंत, अरुण कमल) **(1)**

2. कवि को किस पर भरोसा नहीं है ? **(1)**

3. कवितांश की आस्वादन टिप्पणी तैयार करें । **(6)**

4. सही मिलान करें : **(4 × 1 = 4)**

   (a) चीफ़ की दावत – प्रेमचंद

   (b) तितली – एस.आर. हरनोट

   (c) ईदगाह – भीष्म साहनी

   (d) एम.डॉट/कॉम – सुमित्रानंदन पंत

**सूचना : 'चीफ़ की दावत' पाठ का अंश पढ़ें और 5 से 8 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें :**

मिस्टर शामनाथ चुप रहे । यह मौका बहस का न था, समस्या का हल ढूँढ़ने का था । उन्होंने घूमकर माँ की कोठरी की ओर देखा । कोठरी का दरवाज़ा बरामदे में खुलता था । बरामदे की ओर देखते हुए झट से बोले - मैंने सोच लिया है – और उन्हीं कदमों माँ की कोठरी के बाहर जा खड़े हुए । माँ दीवार के साथ एक चौकी पर बैठी, दुपट्टे में मुँह-सिर लपेटे, माला जप रही थीं । सुबह से तैयारी होती देखते हुए माँ का भी दिल धड़क रहा था । बेटे के दफ़्तर का बड़ा साहब घर आ रहा है, सारा काम सुभीते से चल जाय ।

DITTO WS

5. संज्ञा शब्द चुनकर लिखें ।

(देखा, कोठरी, बाहर) **(1)**

6. सर्वनाम शब्द चुनकर लिखें ।

(माला, यह, दरवाज़ा) **(1)**

7. माँ कहाँ, किस प्रकार बैठी थी ? **(2)**

8. खंड का संक्षेपण कीजिए और शीर्षक दीजिए । **(6)**

**सूचना : 9 से 12 तक के प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लिखें ।** **(2 × 2 = 4)**

9. रीतिकाल की विशेषता पर टिप्पणी लिखें ।

- मुक्तक शैली की प्रधानता ।
- श्रृंगार रस की प्रधानता

10. निर्गुण भक्ति काव्यधारा की विशेषताओं पर टिप्पणी लिखिए ।

- ज्ञान या प्रेम के ज़रिए भक्ति
- ईश्वर के अवतार रूप को न मानना

11. कबीरदास की राय में सच्चा पंडित कौन है ?

- प्रेम का महत्त्व जानने वाला
- सज्जन

12. सगुण भक्ति काल के कितने भेद हैं वे क्या-क्या हैं ?

**सूचना : प्रश्न क्रमांक 13 से 16 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 3 के उत्तर लिखें।** **(3 × 4 = 12)**

13. जीवनवृत्त पढ़ें और पांडेय बेचनशर्मा 'उग्र' के बारे में एक अनुच्छेद तैयार कीजिए।

| | | |
|---|---|---|
| नाम | : | पांडेय बेचनशर्मा |
| जन्म | : | सन् 1900 ई. मिर्जापुर, उत्तरप्रदेश |
| मृत्यु | : | सन् 23 मार्च, 1967 |
| प्रमुख रचनाएँ | : | चंद हसीनों के खतूत शराबी, महात्मा ईसा, ध्रुवचरित, तुलसीदास आदि। |
| विशेषताएँ | : | • क्रांतिकारी एवं राष्ट्रवादी कवि<br>• मतवाला, स्वदेश आदि पत्रिकाओं के संपादक मंडल में सदस्य |

14. दोहे का भावार्थ लिखिए :

जाति न पूछो साधु की, पूछ लीजिए ज्ञान।

मोल करो तरवार का, पड़ा रहन दो म्यान।

(मोल – मूल्य, म्यान – खड़्गकोश, तरवार – तलवार)

15. संकेतों की सहायता से हामिद के चरित्र पर टिप्पणी लिखें।

- क्षणिक सुख न चाहने वाला
- दृढ़चित्त
- सहानुभूति वाला
- परिपक्व व्यवहार

16. 'एकलव्य का सारा समर्पण बेकार था' इस कथन का समर्थन करते हुए अपना मत प्रकट करें टिप्पणी लिखें ।

- दाहिने अंगूठे का समर्पण
- सारी क्षमताओं का गुरुचरणों पर समर्पण
- मिट्टी की मूरत लगाना

**सूचना : 17 से 20 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 3 के उत्तर लिखें । (3 × 6 = 18)**

17. आपके स्कूल में 'महात्मा गाँधी एक अच्छे राजनैतिक नेता और समाज सुधारक' विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन चल रहा है । इसके लिए एक पोस्टर तैयार करें ।

- राजनैतिक नेता
- समाज सुधारक
- उद्घाटन
- समय
- तारीख

18. 'अब सो जाओ माँ' कहते हुए शामनाथ अपने कमरे की ओर घूम गए । कमरे में शामनाथ और पत्नी के बीच का वार्तालाप तैयार करें ।

- माँ के प्रति की गयी उपेक्षा पर दुःख
- तरक्की पर माँ की खुशी
- फुलकारी बनाकर देने का निश्चय
- माँ का ममता-भरा दिल

DITTO WS

19. निम्नलिखित अंग्रेज़ी खंड का हिन्दी में अनुवाद करें :

City life is full of fun. There are many parks. We have cinema halls to see movies. There are all types of amenities like water, health care and transportation. Good education institutions are also available here.

(fun – आनंद, amenity – सुख-सुविधा, health care – स्वास्थ्य सेवा, transport – यातायात) ।

20. 'अनुभव हुआ जैसे आनंद और प्रकाश के मानसरोवर में स्नानकर मैं बाहर निकला हूँ ।' गांधीजी के साथ हुई मुलाकात के बारे में रामकुमार वर्मा उस दिन की डायरी में लिखता है । वह डायरी लिखें ।

- सुनहरे मीठे पल
- गाँधीजी से भेंट
- गाँधीजी का व्यवहार
- गाँधीजी की बातों का प्रभाव

**सूचना : 21 से 24 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 3 के उत्तर लिखें ।** **(3 × 8 = 24)**

21. 'राएवाली, मेरे घर में आज के दिन असगुन न मना । कल अपने घर जाकर जी भर रोइयो । खबरदार ! जो यहाँ आँसू गिराए ।' मोहन की माँ के व्यवहार पर कालिंदी अपनी सहेली को पत्र लिखती है । वह पत्र तैयार करें ।

- माँ का व्यवहार
- अपनी दयनीय स्थिति
- भविष्य की चिंता
- सहारे की प्रतीक्षा

22. वीरगाथा काल (आदिकाल) का परिचय देकर इस काल की मुख्य प्रवृत्तियों का वर्णन करते हुए एक निबंध तैयार करे ।

- प्रारंभिक काल
- आश्रयदाताओं की प्रशंसा
- ऐतिहासिक प्रतीत होते हुए भी काल्पनिक
- प्रमुख कवि चंदबरदाई

23. नए मॉडल 'चेतक' नाम का स्कूटर बाज़ार में आया है । बिक्री बढ़ाने के लिए विज्ञापन तैयार करें ।

- आकर्षक रंग
- नया मॉडल
- कम दाम
- मैलेज ज़्यादा

24. सगुण भक्तिकाल का सामान्य परिचय देकर कृष्ण भक्तिशाखा पर लेख तैयार करें ।

- अवतार की कल्पना
- भक्ति ही भक्त और भगवान के मिलन में साधक
- वात्सल्य और शृंगारिक भावना
- सूरदास और उनकी रचनाएँ

---